**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 510**
**गुरुवार, 6 फरवरी, 2025 (17 माघ, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

**ग्रीनफील्ड विमानपत्तनों की स्थापना**

**510. श्री उम्मेदा राम बेनीवाल:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश भर के सभी विमानपत्तनों पर वर्तमान मांग के अनुरूप टर्मिनल क्षमता/यातायात का राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार ब्यौरा क्या है।

(ख) क्या सरकार ने वर्ष 2035 तक हवाई यात्रियों की संख्या में संभावित वृद्धि का कोई आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने मांग को पूरा करने के लिए देशभर में ग्रीनफील्ड विमानपत्तनों की स्थापना के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ग्रीनफील्ड विमानपत्तनों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार स्थिति क्या है?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क): देशभर के सभी हवाईअड्डों, के संबंध में वर्ष 2023-24 के दौरान चालू मांग की तुलना में दिनांक 31.12.2024 तक यात्री हैंडलिंग टर्मिनल क्षमता का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा अनुलग्नक में संलग्न है।

(ख): वर्ष 2034-35 तक विमान यात्री यातायात के लगभग 1087 मिलियन तक पहुंचने की संभावना है।

(ग) और (घ): भारत सरकार (जीओआई) ने दो चरण की स्वीकृति प्रक्रिया अर्थात 'साइट क्लीयरेंस' के बाद 'सैद्धांतिक' स्वीकृति के माध्यम से देश में नए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों के विकास के लिए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे (जीएफए) नीति, 2008 तैयार की है। जीएफए नीति, 2008 के अनुसार, भूमि अधिग्रहण और इसके वित्तपोषण आदि सहित ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा परियोजना के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी संबंधित हवाईअड्डा विकासकर्ता या राज्य सरकार, जैसा भी मामला हो, की है।

अबतक, भारत सरकार ने जीएफए नीति, 2008 के अनुसार देशभर में 21 ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों की स्थापना के लिए 'सैद्धांतिक' मंजूरी दी है, जिनमें गोवा में मोपा, महाराष्ट्र में नवी मुंबई, शिरडी और सिंधुदुर्ग, कर्नाटक में कालाबुरागी, विजयपुरा, हसन और शिवमोग्गा, मध्य प्रदेश में डबरा (ग्वालियर), उत्तर प्रदेश में कुशीनगर और नोएडा (जेवर), गुजरात में

धोलेरा और राजकोट (हीरासर), पुडुचेरी में कराईकल, आंध्र प्रदेश में दागदर्थी, भोगापुरम और ओरवाकल (कुर्नूल), पश्चिम बंगाल में दुर्गापुर, सिक्किम में पाक्यांग, केरल में कन्नूर और अरुणाचल प्रदेश में ईटानगर (होलोंगी) शामिल हैं।

इनमें से 12 ग्रीनफ़ील्ड हवाईअड्डे नामतः दुर्गापुर, शिरडी, कन्नूर, पाक्यांग, कालाबुरागी, ओरवाकल (कुर्नूल), सिंधुदुर्ग, कुशीनगर, ईटानगर (होलोंगी), मोपा, शिवमोग्गा और राजकोट (हीरासर) में परिचालन शुरू हो गया है।

**दिनांक 06.02.2025 के लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या 510 के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

**उपलब्ध जानकारी के अनुसार दिनांक 31.12.2024 को परिचालनरत हवाईअड्डों पर कुल यात्री हैंडलिंग क्षमता मिलियन यात्री प्रति वर्ष (एमपीपीए) और वर्ष 2023-24 के दौरान हैंडल किए गए कुल यात्री (एमपीपीए में) का राज्यवार ब्यौरा**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | दिनांक 31.12.2024 तक कुल क्षमता (एमपीपीए) | वर्ष 2023-24 के दौरान हैंडल किए गए कुल यात्री (एमपीपीए) |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान एवं निकोबर द्वीप समूह | 4.00 | 1.45 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 10.17 | 5.25 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 1.31 | 0.17 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | असम | 4.95 | 7.39 |
| 5 | बिहार | 3.45 | 4.29 |
| 6 | चंडीगढ़ | 6.00 | 3.72 |
| 7 | छत्तीसगढ | 3.75 | 2.52 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 0.11 | 0.07 |
| 9 | दिल्ली | 100.02 | 73.67 |
| 10 | गोवा | 19.00 | 11.28 |
| 11 | गुजरात | 27.90 | 15.70 |
| 12 | हरियाणा | - | 0.00 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 0.51 | 0.24 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 7.20 | 5.66 |
| 15 | झारखंड | 3.70 | 2.75 |
| 16 | कर्नाटक | 56.81 | 40.53 |
| 17 | केरल | 45.10 | 19.27 |
| 18 | लद्दाख | 0.48 | 1.07 |
| 19 | लक्षद्वीप | 0.05 | 0.05 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 11.25 | 5.50 |
| 21 | महाराष्ट्र | 74.72 | 67.07 |
| 22 | मणिपुर | 1.39 | 1.27 |
| 23 | मेघालय | 0.50 | 0.15 |
| 24 | मिजोरम | 1.20 | 0.40 |
| 25 | नगालैंड | 0.50 | 0.32 |
| 26 | ओडिशा | 5.02 | 4.87 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |
| 27 | पुडुचेरी | 0.20 | 0.05 |
| 28 | पंजाब | 4.92 | 3.10 |
| 29 | राजस्थान | 9.50 | 8.24 |
| 30 | सिक्किम | 0.40 | 0.01 |
| 31 | तमिलनाडु | 41.35 | 27.40 |
| 32 | तेलंगाना | 34.00 | 25.05 |
| 33 | त्रिपुरा | 3.00 | 1.47 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 17.44 | 11.30 |
| 35 | उत्तराखंड | 4.86 | 1.71 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 29.81 | 23.42 |
| | **कुल** | **534.57** | **376.42** |

*****